A workshop on Digital Revolution in Dairy and Food Technologies was organized on March 29, 2022 at Jaipur Centre of CSIR-CEERI. The digital revolution leverages new cutting-edge technologies from automation, Internet of Things, telecommunications, and advanced analytics to innovative practices and customer-centric products. The objective of organizing a workshop on a critical and timely topic is to encourage entrepreneurs and new start-ups of MSMEs as well as all the participants in the field of dairy and food and also to bring awareness regarding different technologies developed by CSIR-CEERI, CSIR-CFTRI, Mysore and CSIR-IHBT, Palampur and the digital revolution taking place in these areas. Prof. N.P. Padhy, Director, MNIT-Jaipur, was the Chief Guest for the workshop and Dr. A.K. Jain, former Managing Director, REIL, Jaipur, and Mr. V.K. Sharma, Director, MSME, Jaipur, were present in the workshop as guests of honor. The program was presided over by Dr. P.C. Panchariya, Director, CSIR-CEERI. Officials of Vigyan Bharti Rajasthan, research scholars and academicians participated in the workshop including representatives of MSMEs and start-ups and industry. Sh. Sai Krishna Vaddadi, Scientist-in-Charge of CSIR-CEERI Jaipur Center gave a formal introduction to all the guests and apprised them about the program outline and welcomed the dignitaries to the dias. The workshop was inaugurated with lamp lighting by the dignitaries.

In his address, the Chief Guest, Prof. N.P. Padhy, Director, MNIT-Jaipur, appreciated Dr. P.C. Panchariya for organizing the workshop on this critical topic by CSIR-CEERI. Considering the priority of adulteration and storage of food and dairy products, he emphasized the need for manufacturing industries in this sector. He called upon the MSMEs and new start-ups to bring the technologies developed by CSIR laboratories into the market. nderlining the need and importance of detecting of adulteration in dairy and food items in the country, he conveyed the concerns of the Government of India Uon these issues. In his address, he also discussed the technologies and food products developed by CSIR. He invited entrepreneurs to invest in this crucial sector.

Uon these issues. In his address, he also discussed the technologies and food products developed by CSIR. He invited entrepreneurs to invest in this crucial sector.

Dr. A.K. Jain in his address, while discussing Green Revolution and White Revolution, also highlighted the importance of food and milk chain. He explained the need for analytical solutions in detecting adulteration in food and dairy products. In his brief remarks, Dr. Jain said that it is very important to strengthen the supply chain along with adulteration detection. Sh. V.K. Sharma, Director, MSME Development Institute, Jaipur, also expressed his views to the new entrepreneurs, industry representatives, and the present researchers to benefit the Indian public from the digital revolution in this field. The dignitaries then inaugurated the Exhibition which demonstrated various technologies developed by the CSIR-CEERI, CSIR-CFTRI and CSIR-IHBT.

In the technical session held after the inaugural session, Sh. Navjot Kumar, Senior Scientist, CSIR-CEERI gave details on dairy technologies developed by the institute, Dr. Mahesh Gupta of CSIR-IHBT, Palampur, on technologies available with them in the fields of Food, Tea, and Honey products, and Dr. Prakash Halami of CSIR-CFTRI, Mysore made presentations on bakery and food products available with CSIR-CFTRI. The guests also visited the technology exhibition and various research laboratories located at the Jaipur Centre throughout the technical session.

Glimpses of the event

महत्वपूर्ण आयोजन

कोरोना रोगियों की मदद के लिए झुंझुनूँ के राजकीय बीडीके अस्पताल में लगाया ऑक्सीजन प्लांट

अप्रैल-मई 2021 के दौरान भारत के लगभग सभी राज्य कोरोना महामारी की दूसरी लहर से बुरी तरह प्रभावित हुए। भारत सरकार के साथ-साथ राज्यों की सरकारें भी अस्पतालों में भर्ती गंभीर रोगियों की मदद के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगा रही थीं। साथ ही देश के सबसे बड़े सार्वजनिक शोध संगठन सीएस- आईआर की प्रयोगशालाएँ भी अपने-अपने स्तर पर देशवासियों की सहायता के लिए तत्पर थीं। उच्च स्तरीय शोध कार्य को समर्पित झुंझुनू के पिलानी स्थित सीरी ने भी कोरोना रोगियों की मदद के लिए ऑक्सीजन प्लांट तैयार कर जिला मुख्यालय स्थित राजकीय बीडीके अस्पताल में इंस्टॉल किया। संस्थान के वैज्ञानिकों और तकनीकी कर्मियों की टीम ने अनुसंधान कार्यों में प्रयुक्त होने वाले नाइट्रोजन प्लांट को कुछ आवश्यक बदलाव करने के बाद ऑक्सीजन उत्पादन प्लांट में परिवर्तित किया।

संस्थान द्वारा तैयार किए गए इस अत्यंत महत्वपूर्ण एवं जीवनदायी संयंत्र को 24 मई 2021 को झुंझुनू स्थित राजकीय बीडीके अस्पताल की आपातकालीन यूनिट के पास लगाया गया है। इस ऑक्सीजन प्लांट से प्राप्त ऑक्सीजन का उपयोग कोरोना के गंभीर रोगियों के इलाज के लिए किया जाएगा। प्लांट से प्राप्त होने वाली ऑक्सीजन की शुद्धता रोगियों के लिए उपयोग किए जाने वाले मानकों के अनुसार पाई गई है जिसकी जांच गुरुग्राम स्थित निजी प्रयोगशाला में की जा चुकी है। साथ ही झुंझुनू के जिला कलेक्टर श्री यू.डी. खान के निर्देश पर इस प्लांट से प्राप्त ऑक्सीजन की शुद्धता की जांच राज्य सरकार द्वारा अनुशंसित उदयपुर स्थित प्रयोगशाला से भी कराई गई है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत यह ऑक्सीजन प्लांट अस्पताल में भर्ती गंभीर रोगियों को ऑक्सीजन उपलब्ध कराने के लिए उपयोग में लाया जा रहा है।

संस्थान द्वारा तैयार किया गया आक्सीजन प्लांट

सीकर, राजस्थान स्थित केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों से हुई चर्चा के उपरांत संस्थान के निदेशक डॉ. पी.सी. पंचारिया द्वारा क्षेत्र में ऑक्सीजन की कमी से जूझते कोरोना रोगियों की मदद करने का निर्णय लिया गया। इसके बाद शोध कार्यो में उपयोग किए जा रहे नाइट्रोजन प्लांट को ऑक्सीजन उत्पादन प्लांट में बदलने का कार्य आरंभ हुआ। संस्थान के आर एंड डी सुविधा समूह के प्रमुख श्री अशोक चौहान, प्रधान वैज्ञानिक के नेतृत्व में तकनीकी कार्मिकों की टीम ने अपने अथक परिश्रम से अत्यंत कम समय में नाइट्रोजन प्लांट को ऑक्सीजन प्लांट में बदलने में सफलता प्राप्त की।

संस्थान द्वारा राजकीय बीडीके अस्पताल में इंस्टॉल किया गया यह ऑक्सीजन प्लांट 75 लीटर प्रति मिनट ऑक्सीजन तैयार करने में सक्षम है। इससे अस्पताल में भर्ती गंभीर रोगियों को आवश्यकतानुसार ऑक्सीजन की आपूर्ति की जा सकेगी तथा आपात स्थिति में उन्हें और अस्पताल कर्मियों को ऑक्सीजन के लिए भटकना भी नहीं पड़ेगा। इस प्लांट से अस्पताल में भर्ती 15 से 20 गंभीर रोगियों की ऑक्सीजन की आवश्यकता पूरी की जा सकेगी। उन्होंने बताया कि प्लांट की क्षमता 15 डी टाइप सिलेंडर है जिसमें एक डी टाइप ऑक्सीजन सिलेंडर में 40 से 60 लीटर ऑक्सीजन आती है।

इससे पूर्व जिला कलेक्टर और मुख्य जिला स्वास्थ्य एवं औषधि अधिकारी ने संस्थान का दौरा कर संस्थान द्वारा तैयार ऑक्सीजन प्लांट का अवलोकन किया। जिला कलक्टर श्री यू.डी. खान ने सीएसआईआर-सीरी द्वारा क्षेत्र के लोगों के लिए तैयार की गई इस अत्यंत महत्वपूर्ण सुविधा का स्वागत किया तथा सीरी के निदेशक डॉ. पी.सी. पंचारिया और उनकी टीम को बधाई दी। अस्पताल के पीएमओ डॉ. बी.डी. बाजिया ने भी संस्थान के निदेशक के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्लांट के लगने से रोगियों को बहुत मदद मिलेगी।

संस्थान के निदेशक डॉ. पी.सी. पंचारिया के अनुसार अत्याधुनिक शोध कार्यों को समर्पित नाइट्रोजन प्लांट को अस्थायी रूप से ऑक्सीजन प्लांट में बदल कर झुंझुनूँ के राजकीय बीडीके अस्पताल में लगाया गया है। कोविड महामारी का प्रकोप कम होने एवं आपात स्थिति नियंत्रित होने पर संस्थान द्वारा इसे वापस ले कर पुन: शोध कार्यों में प्रयुक्त किया जाएगा।

पीएसए प्रौद्योगिकी आधारित ऑक्सीजन संयंत्र का ब्लॉक रेखा-चित्र

राजकीय बीडीके अस्पताल, झुंझुनूँ में संस्थान द्वारा तैयार किया गया आक्सीजन प्लांट

हिन्दी सप्ताह

सीएसआईआर-सीरी, पिलानी में 6-10 सितंबर 2021 के दौरान हिन्दी सप्ताह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन 7 सितंबर, 2021 को निदेशक महोदय द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर डॉ. पी.सी. पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर- सीरी के अलावा डॉ. प्रमोद कुमार खन्ना, मुख्य वैज्ञानिक; हिन्दी सप्ताह आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र कुमार शर्मा, वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक; डॉ. सुचंदन पाल, वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक, श्री विनोद कुमार, प्रशासनिक अधिकारी सहित अन्य वैज्ञानिक, अधिकारी एवं सहकर्मी उपस्थित थे। किन्हीं अपरिहार्य कारणों से यह आयोजन 6 सितंबर को नहीं किया जा सका। सप्ताह का समापन 14 सितंबर, 2021को हिन्दी दिवस के अवसर पर आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ।

हिन्दी सप्ताह के उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता संस्थान के निदेशक डॉ. पी.सी. पंचारिया द्वारा की गई। उन्होंने अपने उद्बोधन में आह्वान किया कि संस्थान के सभी अधिकारी एवं कार्मिक अपनी राष्ट्रभाषा और मातृभाषा के प्रति गौरव का भाव रखते हुए अपने

दीप प्रज्वलन कर हिन्दी सप्ताह का शुभारंभ करते हुए डॉ. पी.सी. पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी

दैनिक और कार्यालयी जीवन में इसका यथासंभव उपयोग सुनिश्चित करें। अपने उद्बोधन में निदेशक महोदय ने कहा कि हमारी हिन्दी हजार वर्षों से भी अधिक प्राचीन भाषा है। हमें अपनी भाषा पर गर्व होना चाहिए। उन्होंने कहा कि विषय का विशेषज्ञ होना अधिक महत्वपूर्ण है, भाषा केवल उस विषय की अभिव्यक्ति का माध्यम है। राजभाषा हिन्दी की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि एवं संभावनाओं का उल्लेख करते हुए सरकारी कामकाज़ में हिन्दी के अधिकाधिक प्रयोग पर बल दिया। इस अवसर पर उन्होंने हिन्दी के लिए संघर्ष करने वाले सभी साहित्यकारों, मनीषियों और भाषा प्रेमियों को अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। अपनी भाषा के प्रति प्रेम और सम्मान पर विचार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि चीन, जापान, रूस आदि अनेक विकसित देशों ने अपनी भाषा में कार्य करते हुए ही प्रगति की नई ऊंचाइयों को प्राप्त किया है। अतः हमें भी अपनी राजभाषा हिन्दी में अपना कार्यालयी एवं अन्य कार्य करने में गौरव की अनुभूति होनी चाहिए।

इस अवसर पर हिन्दी सप्ताह आयोजन समिति

हिन्दी सप्ताह की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए डॉ. राजेन्द्र कुमार शर्मा, अध्यक्ष, हिन्दी सप्ताह आयोजन समिति

हिन्दी दिवस एवं पुरस्कार वितरण समारोह में अध्यक्षीय संबोधन देते हुए डॉ. पी.सी. पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी

राजभाषा संदर्शिका 2020-21 का विमोचन करते हुए डॉ. पंचारिया, डॉ.राजेन्द्र कुमार शर्मा तथा प्रशासनिक अधिकारी श्री विनोद कुमार एवं श्री महेन्द्र सिंह

के अध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र कुमार शर्मा, वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक ने सप्ताहपर्यन्त आयोजित की जाने वाली प्रतियोगिताओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हिन्दी सप्ताह 14 सितंबर को हिन्दी दिवस के अवसर पर आयोजित किए जाने वाले पुरस्कार वितरण समारोह के साथ संपन्न होगा। अंत में उन्होंने सभी सहकर्मियों से बड़ी संख्या में इन प्रतियोगिताओं में सम्मिलित होने का आह्वान किया।

सत्र के अंत में संस्थान के प्रशासनिक अधिकारी श्री विनोद कुमार ने धन्यवाद ज्ञापित किया। सत्र का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

उद्घाटन सत्र के उपरांत हिन्दी सप्ताह की प्रतियोगिताओं का विधिवत शुभारंभ हुआ। कोविड-19 के कारण उत्पन्न विकट परिस्थिति के कारण इस वर्ष हिन्दी सप्ताह से पूर्व केवल 02 प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। सप्ताह के दौरान संस्थान में आशुभाषण, वाद-विवाद, कविता पाठ (स्वरचित), कविता पाठ (अन्य कवि), प्रशासनिक प्रस्तुतीकरण तथा तकनीकी प्रस्तुतीकरण का आयोजन किया गया। विगत वर्षों की भाँति सभी प्रतियोगिताएँ दो वर्गों (नियमित सहकर्मी तथा अस्थायी सहकर्मी) में आयोजित की गईं।

हिन्दी सप्ताह का समापन एवं पुरस्कार वितरण हिन्दी दिवस के अवसर पर 14 सितंबर, 2021 को आयोजित किया गया। संस्थान के निदेशक डॉ. पी.सी. पंचारिया ने हिन्दी प्रतियोगिताओं सहित राजभाषा चल वैजयंती आदि के विजेताओं को पुरस्कृत किया। उन्होंने सभी विजेताओं को बधाई देते हुए उनसे अपने कार्यालयी एवं अन्य कार्यकलापों में हिन्दी के अधिकाधिक उपयोग का आह्वान किया।

इस अवसर पर अपने अध्यक्षीय संबोधन में डॉ. पी.सी. पंचारिया ने सभी सहकर्मियों को हिन्दी दिवस की शुभकामना दी। उन्होंने कहा कि अपने इतिहास और संस्कृति की जानकारी प्राप्त करना आज जितना सरल है उतना विगत समय में कभी नहीं रहा है।

माननीय गृहमंत्री श्री अमित शाह जी का हिन्दी दिवस संदेश पढ़ते हुए श्री विनोद कुमार, प्रशासनिक अधिकारी

हिन्दी दिवस कार्यक्रम का संचालन करते हुए श्री रमेश बौरा, हिन्दी अधिकारी

महत्वपूर्ण आयोजन

प्रशासन प्रभाग को राजभाषा चल वैजयंती व प्रमाण पत्र भेंट करते हुए डॉ. पी.सी. पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी

भवन निर्माण एवं अनुरक्षण (सिविल) अनुभाग को राजभाषा चल वैजयंती व प्रमाण पत्र भेंट करते हुए डॉ. पी.सी. पंचारिया

आज हम सभी अपने स्मार्टफोन के माध्यम से विश्वभर के ज्ञानकोश से जुड़े हुए हैं और अनंत ज्ञानकोश हमारे फिंगरटिप्स पर उपलब्ध है। हिन्दी भाषा के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि संस्कृत से जन्मी हमारी यह भाषा 1000 वर्षों से भी अधिक प्राचीन है। उन्होंने कहा कि हमें अपनी भाषा और संस्कृति के संरक्षण तथा संवर्द्धन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभानी होगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि देश की सभी प्रांतीय भाषाएँ हमारी अपनी भाषाएँ हैं। उन्होंने हिन्दी की समावेशी व सहिष्णु प्रकृति को रेखांकित करते हुए कहा कि हिन्दी ने अपने देश के अन्य प्रांतों की भगिनी भाषाओं सहित विदेशी भाषाओं के शब्दों को भी सहजता से स्वीकार किया है और इस प्रकार यह अपने विकास और प्रवाह को अनवरत बनाए हुए है। हम सभी को अपनी भाषा और संस्कृति के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन करना चाहिए। इसके लिए अनिवार्य है कि हम अपने दैनिक एवं व्यावसायिक जीवन में अपनी राजभाषा हिन्दी का अधिकाधिक प्रयोग सुनिश्चित करें। अंत में उन्होंने सप्ताहपर्यन्त आयोजित कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक आयोजित करने के लिए हिन्दी सप्ताह आयोजन समिति तथा राजभाषा प्रकोष्ठ की सराहना की।

इस अवसर पर डॉ. पी.सी. पंचारिया, निदेशक सीएसआईआर- सीरी, हिन्दी सप्ताह आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र कुमार शर्मा, वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक, श्री महेंद्र सिंह, प्रशासनिक अधिकारी, श्री विनोद कुमार, प्रशासनिक अधिकारी ने राजभाषा प्रकोष्ठ द्वारा विगत वर्ष के दौरान किए गए प्रमुख कार्यों का संकलन "राजभाषा संदर्शिका (वर्ष 2020-21)" का विमोचन भी किया। निदेशक महोदय ने इस प्रकाशन के लिए राजभाषा प्रकोष्ठ की सराहना की।

इससे पूर्व श्री विनोद कुमार, प्रशासनिक अधिकारी ने भारत सरकार के माननीय गृहमंत्री श्री अमित शाह जी का हिन्दी दिवस संदेश पढ़ा। उन्होंने भी सभी सहकर्मियों को हिन्दी दिवस की शुभकामना दी।

सामाजिक इलेक्ट्रॉनिकी समूह प्रभाग को राजभाषा चल वैजयंती व प्रमाण पत्र भेंट करते हुए डॉ. पी.सी. पंचारिया

पुरस्कार वितरण समारोह के उपरांत धन्यवाद ज्ञापित करते हुए श्री महेन्द्र सिंह, प्रशासनिक अधिकारी

हिन्दी सप्ताह के उद्घाटन सत्र तथा हिन्दी दिवस एवं पुरस्कार वितरण समारोह का संचालन हिन्दी अधिकारी श्री रमेश बौरा ने किया। उन्होंने निदेशक महोदय सहित इस अवसर पर उपस्थित हिन्दी सप्ताह आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र कुमार शर्मा, वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक, राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सदस्यों, अधिकारियों एवं सहकर्मियों का स्वागत करते हुए वर्ष पर्यन्त आयोजित की गई प्रतियोगिताओं एवं अन्य गतिविधियों की जानकारी दी। हिन्दी दिवस के अवसर पर संस्थान की विज्ञान पत्रिका 'इलेक्ट्रॉनिक दर्पण 2020' में प्रकाशित वैज्ञानिक आलेखों के लेखकों तथा विज्ञान सेमिनार/कार्यशालाओं में हिन्दी में व्याख्यान/प्रस्तुतीकरण देने वाले सहकर्मियों को भी पुरस्कृत किया गया ।

संस्थान में राजभाषा हिन्दी के प्रचार-प्रसार के लिए लागू की गई राजभाषा चल वैजयंती योजना के विजेता अनुभागों/प्रभागों को भी इस अवसर पर निम्नानुसार चल वैजयंती एवं प्रमाण पत्र भेंट किए गए :

1. प्रशासनिक वर्ग– प्रशासनिक वर्ग में हिन्दी में सर्वाधिक कार्य करने के लिए **प्रशासन प्रभाग** को प्रमाण पत्र सहित राजभाषा चल वैजयंती भेंट की गई।

2. तकनीकी वर्ग– इस वर्ग में हिन्दी में सर्वाधिक कार्य करने के लिए **भवन निर्माण एवं अनुरक्षण (सिविल) अनुभाग** को प्रमाण पत्र सहित राजभाषा चल वैजयंती भेंट की गई

कार्यक्रम के अंत में श्री महेन्द्र सिंह, प्रशासनिक अधिकारी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

सीएसआईआर-सीरी 69वें स्थापना दिवस

सीएसआईआर-सीरी के 69वें स्थापना दिवस का आयोजन, 21 सितंबर, 2021 को समारोहपूर्वक किया गया। इस अवसर पर श्री कर्ण नरेंद्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर के कुलपति प्रोफेसर (डॉ.) जे.एस. संधू मुख्य अतिथि थे और केपीआईटी, पुणे के सीईओ एवं संस्थान की अनुसंधान परिषद के अध्यक्ष श्री रवि पंडित विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। समारोह का प्रसारण एमएस टीम्स के साथ-साथ यूट्यूब के माध्यम से भी किया गया। संस्थान के सहकर्मी व अन्य अतिथि ऑनलाइन माध्यम से आयोजन से जुड़े थे।

समारोह की अध्यक्षता सीएसआईआर के महानिदेशक एवं सचिव डीएसआईआर व पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय डॉ. शेखर सी. मांडे ने की। अपने अध्यक्षीय संबोधन में उन्होंने डॉ. पंचारिया और उनकी टीम को सीरी स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामना दी।

अध्यक्षीय संबोधन देते हुए डॉ. शेखर सी. मांडे, महानिदेशक, सीएसआईआर एवं सचिव, डीएसआईआर व पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय,भारत सरकार

मांडे ने की। अपने अध्यक्षीय संबोधन में उन्होंने डॉ. पंचारिया और उनकी टीम को सीरी स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामना दी।

मुख्य अतिथि प्रोफेसर (डॉ.) जे.एस. संधू ने कृषि को देश की अर्थव्यवस्था का आधार बताते हुए सीरी द्वारा विकसित किए जा रहे प्रीसीज़न कृषि प्रायोगिक स्टेशन की सराहना की। उन्होंने संस्थान द्वारा विकसित किए गए 'किसान सखा' ऐप को भी किसानों के लिए उपयोगी बताया। उन्होंने सीएसआईआर और आईसीएआर के मिलकर कार्य करने के अपने स्वप्न के साकार होने पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने अभी कुछ समय पूर्व ही सीरी और जोबनेर कृषि विश्वविद्यालय के बीच हुए महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन की भी चर्चा की । भूजल के गिरते स्तर पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने जल के पुनर्चक्रण पर बल दिया और इसके लिए प्रीसीज़न कृषि को जरूरी बताया। अंत में उन्होंने सभी पुरस्कार विजेताओं को बधाई देते हुए डॉ. पंचारिया और उनके सभी साथियों को 69वें स्थापना दिवस की शुभकामना दी।

सीरी स्थापना दिवस के अवसर पर संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रो. जे. एस. संधू, कुलपति, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर (राजस्थान)

सीरी स्थापना दिवस के अवसर पर संबोधित करते हुए विशिष्ट अतिथि श्री रवि पंडित, अध्यक्ष, सीरी अनुसंधान परिषद एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी केपीआईटी, पुणे

सेवा एवं अन्य पुरस्कारों के विजेताओं की घोषणा करते हुए डॉ. सुचंदन पाल, वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक एवं पीएमई प्रमुख

विशिष्ट अतिथि श्री रवि पंडित ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान युग इलेक्ट्रॉनिकी का युग है और इसके बिना आधुनिक जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि हम लोग नई डिजिटल दुनिया में रह रहे हैं जो बेहद "इंटेलिजेंट वर्ल्ड" है। इसमें इलेक्ट्रॉनिकी का बड़ा योगदान है। उन्होंने रक्षा एवं ऑटोमोबाइल क्षेत्र में भी इलेक्ट्रॉनिकी के लिए उपलब्ध अपार संभावनाओं का उल्लेख करते हुए इन क्षेत्रों में शोधकार्य का आह्वान किया। उन्होंने डॉ. पंचारिया के नेतृत्व में संस्थान में शोधरत वैज्ञानिक जनशक्ति की सराहना की तथा सभी पुरस्कार विजेताओं को अपनी ओर से शुभकामनाएं दीं।

इससे पूर्व संस्थान के निदेशक डॉ. पी.सी. पंचारिया ने अतिथियों का स्वागत किया तथा गत वर्ष अर्जित की गई प्रमुख उपलब्धियों और वर्तमान शोध गतिविधियों का विवरण प्रस्तुत किया।

स्वागत संबोधन के दौरान संस्थान की प्रमुख उपलब्धियों एवं वर्तमान शोध गतिविधियों का विवरण प्रस्तुत करते हुए डॉ. पी.सी. पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी

डॉ. सुचंदन पाल, वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक एवं प्रमुख, पीएमई ने सेवा पुरस्कारों, पद्मभूषण डॉ. अमरजीत सिंह स्मारक उत्कृष्टता पुरस्कार तथा स्थापना दिवस पुरस्कारों के विजेताओं की घोषणा की।

इस अवसर पर अतिथियों ने संस्थान के वैज्ञानिकों द्वारा देश के किसानों की सुविधा के लिए विकसित "किसान सखा" ऐप का लोकार्पण भी किया। डॉ. संजय सिंह, प्रधान वैज्ञानिक ने संस्थान द्वारा विकसित "किसान सखा" ऐप की जानकारी दी। इस अवसर पर डॉ. प्रमोद तँवर, प्रधान वैज्ञानिक ने अतिथियों को संस्थान द्वारा विकसित किए जा रहे "सटीक कृषि प्रायोगिक स्टेशन" का आभासी दौरा भी कराया।

डॉ. पी.के. खन्ना, मुख्य वैज्ञानिक ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए मुख्य अतिथि प्रोफेसर संधू एवं विशिष्ट अतिथि श्री रवि पंडित तथा संस्थान के निदेशक डॉ. पी.सी. पंचारिया के प्रति आभार व्यक्त किया तथा निदेशक, सीएसआईआर-सीरी के मार्गदर्शन में इस आयोजन में सहयोग देने वाले सभी सहकर्मियों को धन्यवाद दिया।

कार्यक्रम का संचालन संस्थान के वैज्ञानिकों डॉ. राजेंद्र कुमार वर्मा और सुश्री सोम शुक्ला माइति ने किया।

दोपहर के बाद संस्थान के सभागार में आयोजित अन्य कार्यक्रम में डॉ. पी.सी. पंचारिया ने संस्थान में 10, 20, 25, 30 और 35 वर्ष की अनवरत सेवा पूरी करने वाले 48 सहकर्मियों को सेवा प्रमाणपत्र प्रदान किए। इसके साथ ही इस वर्ष से संस्थान के प्रथम निदेशक की स्मृति में आरंभ किए गए डॉ. अमरजीत सिंह स्मारक स्थापना दिवस पुरस्कार सहित अन्य पुरस्कारों के लिए

सहकर्मियों को प्रशस्ति पत्र भेंट किए गए। विवरण निम्नवत है :

1. पद्म भूषण डॉ अमरजीत सिंह स्मारक स्थापना दिवस पुरस्कार 2021

यह पुरस्कार एआई आधारित मुखाकृति पहचान उपस्थिति प्रणाली (FRAS) का अभिकल्पन एवं विकास करने वाली टीम को प्रदान किया गया। टीम के सदस्य इस प्रकार हैं : डॉ. संजय सिंह, प्रधान वैज्ञानिक; श्री श्याम सुंदर प्रसाद, पीएचडी छात्र; श्री प्रशांत सदाशिव गिद्दे, परियोजना ऐसोसिएट; श्री नवल किशोर मेहता, पीएचडी छात्र; श्री सागर दलाई, परियोजना ऐसोसिएट; श्री सुमीत सौरव, वरिष्ठ वैज्ञानिक; श्री अनिल कुमार सैनी, प्रधान वैज्ञानिक; श्री बिजेन्द्र कुमार, तकनीकी अधिकारी तथा डॉ. रवि सैनी, प्रधान वैज्ञानिक इसके लिए तकनीकी सहयोग प्रदान करने वाली टीम को भी संयुक्त रूप से सम्मानित किया गया जिसके सदस्य इस प्रकार हैं : श्री अशोक चौहान, प्रधान वैज्ञानिक; श्री चिराग मिस्त्री, वरिष्ठ वैज्ञानिक; श्री अनिल शर्मा, तकनीकी अधिकारी; श्री बुध राम, तकनीशियन; श्री धर्मवीर सिंह, तकनीशियन; श्री प्रदीप कुमार तकनीशियन; श्री सोमबीर, तकनीशियन तथा श्री सतीश कुमार, प्रयोगशाला सहायक ।

स्पर्शरहित उपस्थिति प्रणाली 'एफआरएएस' विकसित करने के लिए पद्म भूषण डॉ. अमरजीत सिंह स्मारक उत्कृष्टता सम्मान प्राप्तकर्ता टीम के साथ निदेशक डॉ. पी.सी. पंचारिया तथा डॉ. पी.के. खन्ना एवं डॉ. सुचंदन पाल

2. सीएसआईआर-सीरी स्थापना दिवस विशेष टीम पुरस्कार: यह पुरस्कार कोविड-19 के लिए सर्वश्रेष्ठ तकनीकी समाधान उपलब्ध कराने वाली दो गतिविधियों के लिए प्रदान किया गया।

क) संस्थान के नाइट्रोजन प्लांट को ऑक्सीजन प्लांट में परिवर्तित करना : वैश्विक महामारी कोविड-19 के दौरान ऑक्सीजन की कमी को दूर करने में सहयोग करने के लिए संस्थान के वैज्ञानिकों एवं अन्य कार्मिकों द्वारा संस्थान के नाइट्रोजन प्लांट को ऑक्सीजन प्लांट में परिवर्तित करके झुंझुनूं के राजकीय बीडीके अस्पताल में लगाया गया है।

ऑक्सीजन प्लांट तैयार करने के लिए स्थापना दिवस विशेष टीम पुरस्कार प्राप्तकर्ता टीम के साथ निदेशक, सीएसआईआर-सीरी

ख) पोर्टेबल ऑक्सीजन कंसंट्रेटर तैयार करना : कोरोना रोगियों की सहायता के लिए पोर्टेबल ऑक्सीजन कंसंट्रेटर बनाने वाली टीम के सदस्यों को सम्मानित किया गया। ये कंसंट्रेटर स्थानीय अस्पतालों में उलब्ध कराए गए। टीम के सदस्य इस प्रकार हैं : श्री अशोक चौहान, प्रधान वैज्ञानिक, एवं तकनीकी अधिकारी श्री रमाकांत शर्मा, श्री अरविंद कुमार सिंह, और महेन्द्र सिंह, वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी तथा श्री अविनाश पालीवाल, शोध छात्र ।

ऑक्सीजन कंसंट्रेटर तैयार करने के लिए स्थापना दिवस विशेष टीम पुरस्कार प्राप्तकर्ता टीम के साथ निदेशक, सीएसआईआर-सीरी

3. सीएसआईआर-सीरी स्थापना दिवस विशेष टीम पुरस्कार

इस श्रेणी के अंतर्गत संस्थान और कॉलोनी परिसर में कोविड प्रोटोकॉल के पालन में सहयोग प्रदान करने और महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए स्थापना दिवस विशेष टीम पुरस्कार प्रदान किया गया। सम्मान प्राप्तकर्ता सहकर्मी इस प्रकार हैं : श्री महेन्द्र सिंह, प्रशासनिक अधिकारी; श्री वीरेन्द्र सिंह, सुरक्षा अधिकारी; श्री रमेश बौरा, हिंदी अधिकारी; श्री अशोक चौहान,

प्रधान वैज्ञानिक; डॉ. विजय चटर्जी, वैज्ञानिक, डॉ. आर.के. सिंह, तकनीकी अधिकारी; श्री किशन, एमटीएस तथा डॉ. दिनेश गुप्ता, आवासीय चिकित्सा अधिकारी।

कोविड दिशानिर्देशों का पालन करवाने में सहयोग प्रदान करने के लिए स्थापना दिवस विशेष टीम पुरस्कार प्राप्तकर्ता टीम के साथ निदेशक, सीएसआईआर-सीरी

इस अवसर पर अपने संबोधन में संस्थान के निदेशक डॉ पी सी पंचारिया ने सभी सहकर्मियों व उनके परिजनों को संस्थान के 69वें स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई दी।

उन्होंने संस्थान की सेवा करने वाले सभी सहकर्मियों का हृदय से आभार व्यक्त किया। नौकरी और सेवा में अंतर को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि हम सरकारी नौकरी नहीं सरकारी सेवा कर रहे हैं। उन्होंने सभी साथियों से इस भावना से कार्य करते हुए संस्थान व राष्ट्र की उत्तरोत्तर प्रगति में अपना योगदान देने का आह्वान किया। विजेताओं को बधाई देते हुए डॉ. पंचारिया ने इस अवसर पर उपस्थित सभी सहकर्मियों को पद्म भूषण डॉ. अमरजीत सिंह उत्कृष्टता पुरस्कार सहित अन्य स्थापना दिवस पुरस्कारों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कोविड काल में देश की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए संस्थान के वैज्ञानिकों द्वारा विकसित की गई आर्टिफीशियल इंटेलिजेंस आधारित यह उपस्थिति प्रणाली स्पर्शरहित है जिसे सीरी सहित सीएसआईआर की विभिन्न प्रयोगशालाओं में संस्थापित किया जा चुका है। प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के उपरांत शीघ्र ही यह प्रणाली केंद्र व राज्य सरकार सहित निजी संगठनों के कार्यालयों में भी उपयोग किए जाने की प्रबल संभावना है। उन्होंने बताया कि कोविड संबंधी तत्कालीन परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए संस्थान के वैज्ञानिकों और तकनीकी कार्मिकों ने अत्यंत कम समय में ऑक्सीजन प्लांट और कंसंट्रेटर भी तैयार किए। उन्होंने बताया कि ऑक्सीजन प्लांट रोगियों के उपचार के लिए झुंझुनूं के राजकीय बीडीके अस्पताल में लगाया गया है और ऑक्सीजन कंसंट्रेटर आवश्यकतानुसार पिलानी व अन्य स्थानीय अस्पतालों में उपलब्ध कराए गए हैं। अपने संबोधन में संस्थान के निदेशक डॉ. पी.सी. पंचारिया ने विजेताओं के परिश्रम और निष्ठा की सराहना की तथा सभी सहकर्मियों से संस्थान और राष्ट्र हित में कार्य करने का आह्वान किया। अंत में उन्होंने पुन: सभी सहकर्मियों को संस्थान के 69वें स्थापना दिवस की बधाई दी।

धन्यवाद ज्ञापित करते हुए डॉ. पी.के. खन्ना, मुख्य वैज्ञानिक

सीएसआईआर-सीरी और स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय के बीच समझौता ज्ञापन

सीएसआईआर-सीरी ने 22 सितंबर, 2021 को स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, बीकानेर के साथ अनुसंधान एवं विकास और अकादमिक सहयोग के लिए महत्वपूर्ण समझौता किया है। इस समझौता ज्ञापन (MoU) पर सीएसआ-ईआर-सीरी की ओर से संस्थान के निदेशक डॉ. पी.सी. पंचारिया और स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, बीकानेर की ओर से विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर (डॉ.) रक्षपाल सिंह ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर उनके साथ कृषि महाविद्यालय, सादुलपुर, चांदगोठी के डीन डॉ. ए.आर. नकवी और डॉ. बलबीर सिंह उपस्थित थे। संस्थान की ओर से डॉ. अभिजीत कर्माकर, मुख्य वैज्ञानिक एवं प्रमुख, एसडीपी; डॉ. सुचंदन पाल, वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक एवं प्रमुख, पीएमई; श्री प्रमोद तँवर, प्रधान वैज्ञानिक तथा डॉ. विजय चटर्जी, वैज्ञानिक सहित अन्य सहकर्मी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अधीन पिलानी स्थित राष्ट्रीय अनुसंधान प्रयोगशाला सीएसआईआर-सीरी देश के किसानों को प्रिसीज़न कृषि सहित उन्नत और आधुनिक कृषि में तकनीकी समाधानों के माध्यम से लाभान्वित करने की दिशा में प्रयासरत है।

प्रोफेसर (डॉ.) रक्षपाल सिंह तथा डॉ. पी.सी. पंचारिया ने वैज्ञानिक व अकादमिक सहयोग के लिए अपेक्षित इनपुट प्रदान करने पर सहमति व्यक्त करते हुए समझौता ज्ञापन के माध्यम से

कृषि और इलेक्ट्रॉनिक्स के संयोग पर प्रसन्नता व्यक्त की। प्रोफेसर सिंह और डॉ. पंचारिया ने दोनों संस्थानों के बीच संभावित शोध एवं विकास कार्यक्रमों पर चर्चा की। प्रोफेसर सिंह ने अपने पिलानी दौरे के दौरान सीएसआईआर-सीरी द्वारा प्रिसीजन कृषि के लिए किए जा रहे कार्यकलापों का अवलोकन भी किया। उन्होंने डॉ. पंचारिया की ऊर्जा तथा उनके मार्गदर्शन में सीरी के वैज्ञानिकों द्वारा की जा रही शोध गतिविधियों की प्रशंसा की। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह समझौता ज्ञापन न केवल दोनों संगठनों में अकादमिक अपितु तकनीकी सहयोग का मार्ग भी प्रशस्त करेगा।

इस अवसर पर सीएसआईआर-सीरी के निदेशक डॉ पी. सी. पंचारिया ने कहा कि उन्नत इलेक्ट्रॉनिक प्रणालियों की मदद एवं आधुनिक तकनीक के माध्यम से शेखावाटी और बीकानेर सहित देश के अन्य राज्यों में विभिन्न फसलों के उत्पादन में वृद्धि सहित भंडारण आदि के क्षेत्र में कार्य करने की असीम संभावनाएँ हैं और संस्थान के वैज्ञानिक इस दिशा में प्रयासरत हैं। उन्होंने बताया कि पूर्व में, सीएसआईआर-सीरी ने चाय, चीनी और पानी आधारित प्रौद्योगिकियों के लिए विभिन्न कृषि इलेक्ट्रॉनिक्स प्रोसेस कंट्रोल सिस्टम विकसित किए हैं। समझौता ज्ञापन के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, बीकानेर कृषि के लिए विशेषज्ञ सलाह और अनुसंधान इनपुट प्रदान करेगा, जबकि सीएसआईआर-सीरी इन प्रणालियों के विकास तथा उनके क्रियान्वयन के लिए तकनीकी समाधान विकसित करेगा। उन्होंने बताया कि संस्थान अपने परिसर में प्रिसीज़न कृषि प्रायोगिक स्टेशन विकसित कर रहा है और हमने इसके लिए यहाँ अनेक पौधे भी लगाए हैं। इस प्रायोगिक स्टेशन में सिंचाई, तापमान, कृत्रिम रोशनी आदि से संबंधित विभिन्न मानदंडों के तहत इन पौधों की वृद्धि पर अध्ययन किया जाएगा।

समझौता ज्ञापन का आदान-प्रदान करते हुए प्रो. रक्षपाल सिंह, कुलपति, एसकेएनएयू, बीकानेर एवं डॉ. पी.सी. पंचारिया,निदेशक, सीएसआ-ईआर-सीरी

सीएसआईआर का 80वाँ स्थापना दिवस

सीएसआईआर-सीरी, पिलानी, में 26 सितंबर, 2021 को वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) का 80वाँ स्थापना दिवस मनाया गया। सीएसआईआर- हिमालय जैवसंपदा प्रौद्योगिकी संस्थान, पालमपुर के निदेशक डॉ. संजय कुमार समारोह के मुख्य अतिथि थे। सीएसआईआर-सीरी के पूर्व वरिष्ठ वैज्ञानिक श्री एल.एन. चौधरी एवं श्री डी.पी. रूँथला इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि थे। कोविड 19 के कारण उत्पन्न परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष यह कार्यक्रम आभासी (वर्चुअल ईवेन्ट) के रूप में आयोजित किया गया। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा संस्थान के वार्षिक रिपोर्ट 2020-2021 का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम का प्रसारण यूट्यूब और एमएस टीम्स द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि सहित संस्थान के वर्तमान एवं अनेक पूर्व सहकर्मी व उनके परिजन आदि माइक्रोसॉफ्ट टीम्स एवं यूट्यूब के माध्यम से आयोजन में सम्मिलित हुए। विशिष्ट अतिथि श्री एल.एन. चौधरी एवं श्री डी.पी. रूंथला समारोह में व्यक्तिगत रूप से सम्मिलित हुए। सर्वप्रथम अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया।सभी सहकर्मियों को संस्थान के 69वें स्थापना दिवस की बधाई दी।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. संजय कुमार ने अपने स्थापना दिवस संबोधन में सीरी सहित सीएसआईआर के सभी वर्तमान व पूर्व सहकर्मियों को 80वें सीएसआईआर स्थापना दिवस की बधाई दी। इस अवसर पर उन्होंने 'साइंस एंड टेक्नोलॉजी फॉर सोसाइटी एंड इकॉनोमिक ग्रोथ' विषयक प्रस्तुतीकरण भी दिया। अपने संबोधन में उन्होंने आईएचबीटी द्वारा सामाजिक हित में किए जा रहे शोध कार्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने अपने उद्बोधन में सीरी का आह्वान किया कि सीरी अपनी इलेक्ट्रॉनिकी संबंधी विशेषज्ञता का उपयोग कृषि एवं कृषि उत्पादों के क्षेत्र में करे ताकि प्रधानमंत्री जी के सपनों को साकार करने की गति में तेजी लाई जा सके।



सीएसआईआर स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथीय संबोधन देते हुए डॉ. संजय कुमार, निदेशक, सीएसआईआर-आईएचबीटी, पालमपुर

सीएसआईआर स्थापना दिवस पर संबोधित करते हुए विशिष्ट अतिथि श्री डी.पी. रूँथला, पूर्व वरिष्ठ वैज्ञानिक

सीएसआईआर स्थापना दिवस पर संबोधित करते हुए विशिष्ट अतिथि श्री एल.एन. चौधरी, पूर्व वरिष्ठ वैज्ञानिक

उन्होंने शहद, केसर एवं हींग सहित विभिन्न कृषि उत्पादों में मिलावट का पता लगाने के लिए यंत्र विकसित करने का भी आह्वान किया। अपने पूर्व सहकर्मियों को सीएसआईआर स्थापना दिवस के अवसर पर से सम्मानित किए जाने की सीएसआईआर-सीरी की परंपरा की डॉ. कुमार ने मुक्त कंठ से प्रशंसा की।

विशिष्ट अतिथि श्री डी.पी. रूंथला, पूर्व वरिष्ठ वैज्ञानिक ने अपने संक्षिप्त संबोधन में कहा कि मुझे गर्व है कि मेरा संबंध इस प्रतिष्ठित संस्थान और सीएसआईआर जैसे गौरवमयी संगठन से रहा है। उन्होंने कहा कि सीएसआईआर की प्रयोगशालाएँ विज्ञान एवं अभियांत्रिकी की अनेक विधाओं में शोध एवं विकास का महत्वपूर्ण दायित्व निभा रही हैं। साथ ही उन्होंने इस अवसर पर शोध परियोजनाओं से जुड़ी कुछ यादों को भी साझा किया और अंत में संस्थान के स्वर्णिम भविष्य के लिए अपनी शुभकामना दी।

विशिष्ट अतिथि श्री एल. एन. चौधरी, पूर्व वरिष्ठ वैज्ञानिक सीएसआईआर-सीरी ने संस्थान में बिताए अपने कार्यानुभवों के संस्मरण सुनाए। उन्होंने कहा कि आज उन्हें ऐसा अनुभव हो रहा है जैसे वे वापस अपने घर आ पहुँचे हों। उन्होंने सीएसआईआर को अत्यंत गतिमान संगठन बताते हुए कहा कि सीएसआईआर प्रयोगशालाओं में शोध एवं विकास कार्य का अनुकूल वातावरण है। उन्होंने सीएसआईआर और सीएसआ-ईआर-सीरी, पिलानी की स्थापना से जुड़े तथ्य साझा किए। उन्होंने सेवा सम्मान प्राप्त करने वाले सभी सहकर्मियों सहित सभी पूर्व व वर्तमान सहकर्मियों व अतिथियों को सीएसआईआर स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई दी और डॉ पंचारिया सहित सभी सहकर्मियों को संस्थान के स्वर्णिम भविष्य के लिए शुभकामना दी।

स्वागत उद्बोधन एवं गतवर्ष के दौरान सीएसआईआर एवं सीरी की प्रमुख उपलब्धियों का विवरण देते हुए डॉ. पी.सी पंचारिया. निदेशक, सीएसआईआर-सीरी

इससे पूर्व संस्थान के निदेशक डॉ. पी.सी. पंचारिया ने अपने स्वागत उद्बोधन में सभी अतिथियों एवं कार्यक्रम से ऑनलाइन जुड़े सभी पूर्व सहकर्मियों व अन्य गणमान्य जनों का औपचारिक स्वागत किया। उन्होंने संस्थान का निमंत्रण स्वीकार करते हुए इस विशिष्ट अवसर पर अपनी गरिमामयी उपस्थिति देने के लिए समारोह के मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

अपने संबोधन में डॉ. पी.सी. पंचारिया ने कोविड 19 आपदा के दौरान सीएसआईआर की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए जीनोम सिक्वेंसिंग, सीरोलॉजिकल टेस्टिंग, वेंटिलेटर निर्माण, टेस्टिंग किट, दवाइयाँ, डिसइनफ़ैक्टैंट, ऑक्सीजन कन्संट्रेटर, ऑक्सीजन प्लांट आदि के क्षेत्र में किए गए कार्यों को रेखांकित किया। इस अवसर पर उन्होंने कोविड के दौरान रोगियों की मदद के लिए सीएसआईआर-सीरी द्वारा किए कार्यों का भी उल्लेख किया। अपने संबोधन में उन्होंने संस्थान द्वारा संचालित कौशल विकास कार्यक्रमों एवं कृषि के क्षेत्र में अभिनव प्रयोग हेतु स्थापित किए जा रहे 'प्रिसीज़न एग्रीकल्चर एक्सपेरिमेंटल स्टेशन' की भी चर्चा

संस्थान के 'वार्षिक प्रतिवेदन 2020-2021' का विमोचन करते हुए डॉ. पी.सी. पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी एवं अतिथिगण

अतिथियों को सम्मानित करते हुए डॉ. पी.सी. पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी

की। उन्होंने संस्थान द्वारा भविष्य के रोडमैप पर भी संक्षेप में प्रकाश डाला।

इस अवसर पर सभी सम्मानित अतिथियों एवं डॉ. पी.सी. पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी, डॉ. पी.के. खन्ना, मुख्य वैज्ञानिक एवं डॉ. सुचंदन पाल, वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक एवं प्रमुख, पीएमई, डॉ. अभिजीत कर्माकार, मुख्य वैज्ञानिक ने संस्थान के 'वार्षिक प्रतिवेदन 2020-2021' का विमोचन किया।

संस्थान के प्रधान वैज्ञानिकों डॉ. संजय सिंह और श्री प्रमोद तँवर ने क्रमश: "किसान-सखा" एप और "प्रिसीजन एग्रीकल्चर एक्सपेरिमेंटल स्टेशन" की जानकारी देते हुए कृषकों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से संस्थान द्वारा कृषि क्षेत्र में किए जा रहे नवाचारों से अवगत कराया।

इससे पूर्व संस्थान के मुख्य वैज्ञानिक डॉ. अभिजीत कर्माकर ने वर्ष 2020 और वर्ष 2021 के लिए डॉ. (श्रीमती) सरोज श्रीवास्तव स्मारक अनुसंधान प्रोत्साहन पुरस्कारों के विजेताओं के नामों की घोषणा की। विजेताओं का विवरण इस प्रकार है :

वर्ष 2020 के लिए पुरस्कृत महिला सहकर्मी :

1. श्रीमती निर्मला देवी, वरिष्ठ वैज्ञानिक
2. श्रीमती ए. मर्सीलता, वरिष्ठ वैज्ञानिक
3. डॉ. निधि चतुर्वेदी, वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक
4. सुश्री निकिता गुर्जर, जेआरएफ

वर्ष 2021 के लिए पुरस्कृत महिला सहकर्मी :

1. डॉ. सुमित्रा सिंह, प्रधान वैज्ञानिक,
2. श्रीमती नलिनी पारीक, वैज्ञानिक
3. श्रीमती आशुदीप मिनहास, एसआरएफ

कार्यक्रम के दौरान संस्थान के मुख्य वैज्ञानिक डॉ. पी.के.खन्ना ने सीएसआईआर सेवा पुरस्कार के की घोषणा की। इसके अंतर्गत वर्ष 2020-21 में संस्थान से सेवानिवृत्त हुए 12 सहकर्मी तथा सीएसआईआर में 25 वर्ष की सेवा पूरी करने वाले संस्थान के 03 सहकर्मी सम्मिलित हैं।

इसके अलावा सीएसआईआर स्पोर्ट्स प्रोमोशन बोर्ड की ओर से खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सीएसआईआर कार्मिकों के बच्चों को भी पुरस्कृत किया गया। इस पुरस्कार के अंतर्गत सीएसआईआर स्पोर्ट्स प्रोमोशन बोर्ड की ओर से विजेता को प्रमाण पत्र और ₹ 2000 की नकद वृत्तिका प्रदान की गई। पुरस्कृत बालिका का विवरण निम्नवत है :

1. कु. दीपांशी सोनी पुत्री श्री महेन्द्र सिंह, तकनीकी अधिकारी (खेल का नाम – वूशू)

डॉ. पंचारिया ने इस अवसर पर उपस्थित दोनों विशिष्ट अतिथियों को संस्थान की ओर से शॉल व स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया।

सेवा पुरस्कार प्राप्तकर्ताओं की घोषणा करते हुए डॉ. पी.के. खन्ना, मुख्य वैज्ञानिक

धन्यवाद ज्ञापित करते हुए डॉ. सुचंदन पाल, पीएमई प्रमुख

दीप प्रज्वलन करते हुए डॉ. पी.सी. पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी

अंत में डॉ. सुचंदन पाल, प्रमुख, पीएमई ने सभी अतिथियों सहित निदेशक, सीएसआईआर-सीरी के मार्गदर्शन में आयोजन में प्रत्यक्ष या परोक्ष सहयोग देने वाले कार्मिकों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

कार्यक्रम का संचालन श्रीमती नलिनी पारिक, वैज्ञानिक एवं डॉ. अदिति, वरिष्ठ वैज्ञानिक ने किया। उन्होंने सभी उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया तथा सहकर्मियों एवं कार्यक्रम से ऑनलाइन जुड़े अन्य लोगों को अतिथियों का संक्षिप्त परिचय दिया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्र गान के साथ हुआ।

सेमिकंडक्टर हाई इम्पैक्ट लर्निंग प्रोग्राम 'शिल्प' के प्रथम बैच का प्रशिक्षण

सीएसआईआर-सीरी में दिनांक 27 सितंबर से 8 अक्टूबर, 2021 के दौरान इंजीनियरिंग और विज्ञान विद्यार्थियों के लिए 'सेमिकंडक्टर हाई इम्पैक्ट लर्निंग प्रोग्राम (शिल्प)' का आयोजन किया गया। भारत सरकार के कौशल विकास अभियान से कदम मिलाते हुए सीएसआईआर की कौशल विकास पहल के अंतर्गत आरंभ किया गया यह महत्वाकांक्षी प्रशिक्षण कार्यक्रम देश में सेमिकंडक्टर उद्योग जगत के लिए कुशल जनशक्ति उपलब्ध कराने के दूरदर्शी लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए आरंभ किया गया है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में मेरठ इंस्टीटयूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, मेरठ; गुरु जंभेश्वर यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, हिसार तथा आर पी एस डिग्री कॉलेज, बलाना, महेन्द्रगढ़ की 15 छात्राओं ने यह उच्च स्तरीय प्रशिक्षण प्राप्त किया।

शिल्प कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ दिनांक 27 सितंबर, 2021 को निदेशक महोदय एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा परंपरागत रूप से दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

इस अवसर पर प्रशिक्षार्थियों एवं उपस्थित सहकर्मियों को संबोधित करते हुए डॉ. पी.सी. पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी ने सेमिकंडक्टर के महत्व पर प्रकाश डाला। अपने संक्षिप्त संबोधन में उन्होंने कहा कि विकसित देशों के साथ कदम मिलाकर चलने के लिए देश के सेमिकंडक्टर उद्योग में विकास की अत्यंत आवश्यकता है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि ताइवान जैसा छोटा देश सेमिकंडक्टर युक्तियों के उत्पादन के माध्यम से विश्व के देशों की 70 प्रतिशत से अधिक आवश्यकता की पूर्ति करता है। ऑटोमोबाइल उद्योग में सेमिकंडक्टर युक्तियों के उपयोग पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि आज किसी भी देश के विकास में सेमिकंडक्टर टेक्नोलॉजी का बड़ा योगदान है और इसमें अभी भी बहुत संभावनाएँ हैं।

इससे पूर्व डॉ. पी.के. खन्ना, मुख्य वैज्ञानिक ने सभी प्रशिक्षार्थियों को सेमिकंडक्टर टेक्नोलॉजी के महत्व पर जानकारी देते हुए कहा कि इस महत्वपूर्ण विषय के बारे में जानने व समझने का यह अच्छा अवसर है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि प्रशिक्षार्थी इस अवसर का लाभ उठाएँगे।

प्रतिभागियों व उपस्थित सहकर्मियों को संबोधित करते हुए डॉ. पी.सी. पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी

महत्वपूर्ण आयोजन

इस अवसर पर अपने संबोधन में डॉ. सुचंदन पाल, प्रमुख, परियोजना प्रबंधन एवं मूल्यांकन (पीएमई) ने प्रतिभागियों को सीएसआईआर मिशन सहित सीरी संस्थान के बारे में बताया ।

डॉ. अभिजीत कर्माकर, मुख्य वैज्ञानिक एवं प्रमुख, कौशल विकास कार्यक्रम (SDP) ने इस महत्वाकांक्षी प्रशिक्षण कार्यक्रम की पृष्ठभूमि एवं इसकी उपयोगिता की जानकारी दी।

उद्घाटन सत्र का संचालन डॉ. अदिति, वरिष्ठ वैज्ञानिक तथा डॉ. मनिन्दर कौर, वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी ने किया। उन्होंने संस्थान के निदेशक डॉ. पी.सी. पंचारिया सहित सभी अधिकारियों एवं उपस्थित प्रशिक्षार्थियों एवं अन्य सहकर्मियों का औपचारिक स्वागत किया।

प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षार्थियों को सेमिकंडक्टर टेक्नोलॉजी सहित प्रयोगशाला से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर व्याख्यान एवं गहन व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। संक्षिप्त विवरण निम्नवत है :

दिनांक 27.09.2021

प्रतिभागियों को शिल्प का परिचय तथा कार्यक्रम की उपयोगिता पर व्याख्यान, प्रयोगशाला में सुरक्षा (व्याख्यान), सीरी में शोध सुविधाओं का परिदर्शन, डायोड एवं कैपैसिटर तथा उनका फैब्रिकेशन (वयाख्यान) आदि।

दिनांक 28.09.2021

डायोड एवं कैपैसिटर तथा उनका फैब्रिकेशन (वयाख्यान), डायोड एवं कैपैसिटर तथा उनकी फैब्रिकेशन विधि, वेफर क्लीनिंग प्रक्रिया, डायोड फैब्रिकेशन में थर्मल ऑक्सीडेशन प्रक्रिया ऑक्साइड लेयर निरीक्षण एवं कैरैक्टराइजेशन आदि।

दिनांक 29.9.2021

फोटो मास्क मेकिंग एवं लिथोग्राफी, पी आर (फोटोरेजिस्ट) कोटिंग, वेफर हैंडलिंग एवं प्रीबेकिंग, लिथोग्राफी प्रक्रिया में पी एन जंक्शन बनाना, ऑक्साइड एचिंग, क्लीनिंग एंड इंस्पेक्शन आदि।

दिनांक 30.9.2021

डिफ्यूज़न प्रक्रिया पर व्याख्यान एवं अभ्यास, डोपिंग कन्फर्मेशन के लिए शीट रेजिस्टिविटी एवं हॉट प्रोब टेस्ट आदि।

दिनांक 01.10.2021

लिथोग्राफी (कार्बन ऑक्साइड), ऑक्साइड एचिंग, क्लीनिंग एंड इंस्पेक्शन, थर्मल ऑक्सिडेशन – कैपेसिटर आदि।

दिनांक 04.10.2021

लिथोग्राफी (ऑक्साइड एचिंग, कॉन्टेक्ट फॉर्मेशन), ऑक्साइड एचिंग, क्लीनिंग एंड इंस्पेक्शन आदि।

दिनांक 05.10.2021

मेटलाइजेशन पर व्याख्यान, मेटल डिपोज़िशन प्रक्रिया, लिफ्ट ऑफ क्लीनिंग, पैकेजिंग डिवाइसेज़ का महत्व आदि।

दिनांक 06.10.2021

डिवाइस फैब्रिकेशन पर शंका-समाधान, डिवाइस एवं ऑप्टिकल कैरैक्टेराइजेशन आदि।

दिनांक 07.10.2021

प्रतिभागियों की शंकाओं का समाधान, संवेदकों एवं III से V श्रेणी कंपाउंड्स पर विशेषज्ञ व्याख्यान आदि।

दिनांक 08.10.2021

माइक्रोसिस्टम टेक्नोलॉजीज़ एवं फ्लेक्सिबल इलेक्ट्रॉनिक्स पर विशेषज्ञ व्याख्यान, क्विज़ आदि।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन सत्र का आयोजन 8 अक्टूबर, 2021 को किया गया। समापन सत्र में संस्थान के निदेशक डॉ. पी.सी. पंचारिया, मुख्य वैज्ञानिक डॉ. पी.के. खन्ना, शिल्प के समन्वयक डॉ. अभिजीत कर्माकर, पीएमई प्रमुख डॉ. सुचंदन, कार्यक्रम के प्रशिक्षार्थियों एवं प्रशिक्षकों सहित संस्थान के वैज्ञानिक एवं अन्य सहकर्मी उपस्थित थे।

प्रमाणपत्र वितरण

प्रतिभागियों की ग्रुप फोटो

समापन सत्र में प्रशिक्षार्थियों को संबोधित करते हुए डॉ. पी.सी. पंचारिया ने कहा कि देश में सेमिकंडक्टर के क्षेत्र में अभी बहुत काम किया जाना शेष है और दक्ष एवं कुशल जनशक्ति की बहुत आवश्यकता है। देश के कॉलेजों में सेमिकंडक्टर प्रशिक्षण संबंधी सीमाओं की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि सीएसआईआर-सीरी में न केवल उच्चस्तरीय शोध एवं प्रशिक्षण सुविधा उपलब्ध है अपितु प्रशिक्षण हेतु कुशल वैज्ञानिक तथा तकनीकी जनशक्ति भी है। उन्होंने कहा कि हमें आशा है कि सभी यहाँ प्राप्त प्रशिक्षण से लाभान्वित हुए होंगे और यहां से प्राप्त सेमिकंडक्टर ज्ञान की ज्योति को आगे बढ़ाएंगे तथा यहाँ के अनुभव अपने-अपने कॉलेजों में अवश्य साझा करेंगे। डॉ. पंचारिया ने सभी छात्राओं को सेमिकंडक्टर इंजीनियरिंग में सीरी में दीर्घकालिक प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए भी प्रेरित किया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने प्रशिक्षण से जुड़े सभी वैज्ञानिकों एवं तकनीकी सहकर्मियों को बधाई देते हुए कहा कि हमारे साथियों ने न केवल इस चुनौती को सहर्ष स्वीकार किया अपितु प्रशिक्षण की संकल्पना को बढ़िया ढंग से मूर्तरूप भी दिया।

इस अवसर पर वरिष्ठतम मुख्य वैज्ञानिक डॉ. पी.के. खन्ना सहित कार्यक्रम के समन्वयक एवं कौशल विकास कार्यकम के प्रमुख डॉ. अभिजीत कर्माकर तथा पीएमई प्रमुख डॉ. सुचंदन पाल ने भी सभी प्रतिभागियों को सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूर्ण करने पर बधाई दी। समापन सत्र में डॉ. पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी ने सभी प्रशिक्षार्थियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए।

छात्राओं ने कार्यक्रम के संबंध में अपने विचार व्यक्त करते हुए इस विशिष्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम की संकल्पना तैयार करने के लिए निदेशक, सीएसआईआर-सीरी और सभी प्रशिक्षकों के प्रति आभार जताया।

समापन सत्र का संचालन करते हुए डॉ. विजय चटर्जी, वैज्ञानिक ने कार्यक्रम की संक्षिप्त रूपरेखा से अवगत कराया। अंत में उन्होंने निदेशक महोदय के मार्गदर्शन में आयोजन को सफल बनाने में प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से सहयोग देने के लिए सभी के प्रति आभार भी व्यक्त किया।

महत्वपूर्ण आयोजन

मेम्स आधारित प्रेशर सेंसर का प्रशिक्षण कार्यक्रम

सीएसआईआर-सीरी, पिलानी में दिनांक 13 से 24 दिसंबर, 2021 के दौरान "मेम्स आधारित प्रेशर सेंसर" विषय पर आईआईटी-जोधपुर के विद्यार्थियों के लिए व्यावहारिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दो सप्ताह की अवधि के इस विशिष्ट कार्यक्रम का यह पहला संस्करण था तथा एमटेक और पीएचडी पाठ्यक्रमों के भाग के रूप में आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम के आयोजन का प्रमुख उद्देश्य भारत की युवा जनशक्ति को सेमिकंडक्टर प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सक्षम बनाते हुए भारत को आत्मनिर्भर बनाना है। कार्यक्रम के द्वारा प्रशिक्षार्थियों को कक्षा के व्याख्यानों के साथ-साथ क्लीनरूम में प्रायोगिक अभ्यास भी कराए गए। कोविड संबंधी दिशानिर्देशों को ध्यान में रखते हुए प्रशिक्षार्थियों की 20 तक सीमित रखी गई थी जिसे मेम्स प्रयोगशालाओं में प्रशिक्षण के दौरान पुन: छोटे-छोटे समूहों में विभाजित किया गया और यह प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। उल्लेखनीय है कि आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना को साकार करने के दीर्घकालिक उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए युवा पीढ़ी के लिए संस्थान में इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

कार्यक्रम का उद्घाटन 13 दिसंबर, 2021 को सीएसआईआर-सीरी, पिलानी के सभागार में आयोजित किया गया। पाठ्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए संस्थान के कौशल विकास यूनिट के प्रमुख डॉ. अभिजीत कर्माकर, मुख्य वैज्ञानिक ने कहा कि विश्व की कई प्रमुख कंपनियों ने हमारे देश में सेमिकंडक्टर फैब्रिकेशन लैब स्थापित करने में रुचि दर्शाई है; इसलिए यह बहुत महत्वपूर्ण है कि हम अपनी सेमिकंडक्टर क्षमताओं को जल्द से जल्द मजबूत करना शुरू करें, और इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए सीएसआईआर-सीरी जैसी राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं से बेहतर स्थान नहीं हो सकता। इस अवसर पर उन्होंने सभागार में उपस्थित प्रशिक्षार्थियों एवं अन्य अधिकारियों को संस्थान के इस प्रशिक्षण कार्यक्रम की रूपरेखा से अवगत कराया।

डॉ. सुचंदन पाल, मुख्य वैज्ञानिक और प्रमुख पीएमई ने छात्रों को भविष्य में भारत में सेमिकंडक्टर प्रौद्योगिकीविदों की संभावित भूमिका की जानकारी दी। कार्यक्रम के महत्व को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि छात्रों के लिए विशेष रूप से डिजाइन किए गए अनूठे कार्यक्रम में उन्हें सेमिकंडक्टर फैब्रिकेशन के बारे में न केवल सैद्धांतिक अपितु व्यावहारिक जानकारी भी दी दी जाएगी। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम सभी प्रशिक्षार्थियों के लिए लाभदायक सिद्ध होगा।

इस अवसर पर संस्थान की शोध एवं विकास सुविधाओं के प्रमुख श्री अशोक चौहान, प्रधान वैज्ञानिक ने छात्रों को सीएसआईआर-सीरी में उपलब्ध अत्याधुनिक शोध सुविधाओं के बारे में जानकारी देते हुए प्रशिक्षण के दौरान जरूरी सावधानियों और अन्य महत्वपूर्ण बातों से अवगत कराया।

श्री कुलदीप सिंह, प्रधान वैज्ञानिक और सेमिकंडक्टर डिवाइस फैब्रिकेशन ग्रुप के प्रमुख ने छात्रों के साथ हुई गहन चर्चा के दौरान उन्हें संपूर्ण विश्व के साथ-साथ भारत में सेमिकंडक्टर प्रौद्योगिकी की प्रगति की जानकारी दी। साथ ही उन्होंने सेमिकंडक्टर प्रौद्योगिकियों से जुड़ी प्रमुख चुनौतियों पर भी प्रकाश डाला।

इससे पूर्व कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉ. विजय चटर्जी, वैज्ञानिक ने सभागार में उपस्थित प्रशिक्षार्थियों सहित सभी वरिष्ठ अधिकारियों का स्वागत किया। उन्होंने सेमिकंडक्टर डिवाइस के विनिर्माण संबंधी कार्य करते समय आवश्यक सुरक्षा नियमों को रेखांकित किया।

प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए मुख्य वैज्ञानिक डॉ. अभिजीत कर्माकर

प्रयोगशाला सत्र के दौरान छात्र-छात्राएं

महत्वपूर्ण आयोजन

प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान छात्रों को मेम्स आधारित दाब संवेदक (प्रेशर सेंसर) फैब्रिकेशन के व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया जिसमें उन्हें विभिन्न उपकरणों, जैसे - स्पिन कोटर, लिथोग्राफी, पीईसीवीडी, अनुप्रयोगों के आधार पर विभिन्न भट्टियाँ, ऑक्सीकरण यूनिट, एमओसीवीडी, मास्क एलाइनर्स, एलीप्सोमीटर, प्रोफिलोमीटर, स्कैनिंग इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोप (एसईएम), I-V, C-V मापने की इकाइयाँ, डाइसिंग सिस्टम आदि के कार्य सिद्धांतों के बारे में भी आवश्यक एवं महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षार्थियों को दाब संवेदकों की कैरैक्टराइजेशन स्कीमों की भी व्यापक जानकारी दी गई।

प्रमाणपत्र वितरण

प्रशिक्षार्थियों को संस्थान के विशेषज्ञ वैज्ञानिकों एवं तकनीकी कार्मिकों की टीम द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षार्थियों के लिए तैयार किए गए व्याख्यानों में मेम्स फैब्रिकेशन के विभिन्न चरणों को शामिल किया गया था। प्रशिक्षण सत्र की शुरुआत में प्रशिक्षार्थियों को प्रयोगशाला के सुरक्षा संबंधी दिशानिर्देशों की विस्तृत जानकारी दी गई। तत्पश्चात वांछित युक्तियों के विनिर्माण के लिए उठाए जाने वाले विभिन्न कदमों से भी अवगत कराया गया। प्रशिक्षार्थियों को प्रेशर सेंसर विनिर्माण के महत्वपूर्ण बिंदुओं, जैसे - लिथोग्राफी, ऑक्सीकरण, प्रसार, धातुकरण, प्रेशर स्कीमों का कैरैक्टराइजेशन आदि पर विशेषज्ञ व्याख्यान भी दिए गए। प्रशिक्षण के दौरान विशेष सत्र का आयोजन भी किया गया जिसमें उन्हें डिवाइस पैकेजिंग, जो सेमिकंडक्टर युक्तियों के विनिर्माण का अत्यंत महत्वपूर्ण अंग है, पर भी प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन दिनांक 24 दिसंबर, 2021 को हुआ। समापन सत्र के दौरान प्रोफेसर अजय अग्रवाल, आईआईटी-जोधपुर ने व्यावहारिक प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान सीएसआईआर-सीरी द्वारा उपलब्ध कराई गई सुविधाओं सहित अन्य सभी प्रकार की व्यवस्थाओं के लिए संस्थान के निदेशक डॉ. पी.सी. पंचारिया के प्रति आभार व्यक्त किया एवं उनकी टीम की सराहना की।

इस अवसर पर श्री प्रमोद तंवर, प्रधान वैज्ञानिक ने सेमिकंडक्टर प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में करियर बनाने के लिए उपयोगी विकल्पों तथा अन्य महत्वपूर्ण जानकारी को प्रशिक्षार्थियों के साथ साझा किया। डॉ. अभिजीत कर्माकर ने इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए एसडीपी की पूरी टीम के प्रयास से पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह छात्रों के लिए एक नई यात्रा का शुभारंभ है। उन्होंने सभी प्रशिक्षार्थियों को उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

कौशल विकास यूनिट के प्रमुख डॉ. अभिजीत कर्माकर, मुख्य वैज्ञानिक ने सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूर्ण करने पर

प्रतिभागियों की ग्रुप फोटो

प्रशिक्षार्थियों को प्रमाणपत्र भेंट किए। प्रशिक्षण कार्यक्रम के संबंध में अपने विचार व्यक्त करते हुए प्रशिक्षार्थियों ने संस्थान द्वारा उपलब्ध कराई गई सभी सुविधाओं एवं व्याख्यानों के लिए प्रशिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त दिया। अंत में डॉ. विजय चटर्जी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

आईएनएई युवा इंजीनियर पुरस्कार 2021

डॉ. नीरज कुमार, प्रधान वैज्ञानिक, सीएसआईआर-सीरी को प्लाज्मा समर्थित माइक्रोवेव और सब टेराहर्ट्ज सोर्स के क्षेत्र में प्रौद्योगिकीय विकास (Technological Development in the field of Plasma assisted Microwave and Sub-THz Source) हेतु उनके उत्कृष्ट शोध कार्य के लिए राष्ट्रीय स्तर पर आईएनएई यंग इंजीनियर अवार्ड 2021 के लिए चुना गया है।

डॉ. नीरज कुमार

पुरस्कार उद्धरण

डॉ. नीरज कुमार को यह पुरस्कार दिनांक 15-17 दिसंबर, 2021 को प्रस्तावित आईएनएई वार्षिक सम्मेलन के दौरान प्रदान किया जाएगा। इस पुरस्कार के अंतर्गत डॉ नीरज को एक लाख रुपये नकद और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। डॉ नीरज सहित आईएनएई युवा इंजीनियर पुरस्कार प्राप्त करने वाले सभी विजेता आईएनएई यंग एसोसिएट्स बन जाएंगे और 45 वर्ष की आयु प्राप्त करने तक "आईएनएई यंग एसोसिएट्स (INAE Young Associates)" बने रहेंगे। इस पुरस्कार का उद्देश्य मजबूत संभावनाओं वाले युवा इंजीनियरों द्वारा इंजीनियरिंग की किसी भी शाखा में की गई उत्कृष्ट उपलब्धियों एवं योगदान को मान्यता देना है।

